फेयर ट्रेड यू.एस.ए. (Fair Trade USA)

व्यापार मानक: वस्त्र और घरेलू सामान
(Trade Standard: Apparel and Home Goods)

संस्करण 1.1.0[1]

मई 2017

www.FairTradeUSA.org

© 2013 Fair Trade USA. सर्वाधिकार सुरक्षित।

---

[1] यह मानक फेयर ट्रेड प्रमाणित वस्त्र तथा लिनेन वस्त्रों (Fair Trade Certified Apparel and Linens) की प्रायोगिक परियोजना के लिए Fair Trade USA खरीदारों की बाध्यताओं (Obligations of Buyers) पर आधारित हैऔर यह मानक उस दस्तावेज़ , को प्रतिस्थापित करता है।

विषय सूची

परिचय 2

प्रमाणन का विस्तार क्षेत्र और लेबलिंग सम्बंधी विकल्प 3

फेयर ट्रेड प्रीमियम्स (Fair Trade Premiums) 3

1.0 दीर्घावधि तथा दृढ़ सम्बंध 4

1.1 फेयर ट्रेड उत्पादन के प्रति आयातक/ ब्रांड धारक की प्रतिबद्धता 4

1.2 खरीद सम्बंधी प्रक्रियाएं 4

2.0 व्यापार सम्बंधी अपेक्षाएं 4

2.1 फेयर ट्रेड प्रमाणित खरीद के लिए बुनियादी अपेक्षाएं 4

2.2 कारखानों के साथ अनुबंध 5

2.3 फेयर ट्रेड प्रमाणित उत्पादकों के साथ अनुबंध 5

2.4 खरीदोपरान्त प्रमाणन 5

परिचय

Fair Trade USA का उद्देश्य 1) निर्माता कारखानों, 2) उपभोक्ताओं, और 3) वस्त्र तथा घरेलू सामानों की आपूर्ति तथा बिक्री करने वाले खरीदारों और कम्पनियों को साथ शामिल करके इन उत्पादों के उत्पादन क्षेत्र के श्रमिकों की स्थिति को सुधारना है। इस उद्योग में हमारे कार्य का आधार कृषि के क्षेत्र में हमारे प्रभावोत्पादक कार्य के समान ही है। पारम्परिक खरीद प्रक्रियाएं सम्बंधित उत्पाद का उत्पादन करने वाले श्रमिकों के लिए बहुत हानिकर हो सकती हैं। फेयर ट्रेड मानक स्थापित करके, एक कड़ी प्रमाणन व्यवस्था स्थापित करके, और अन्तिम उपभोक्ता को प्रक्रिया में शामिल करके आपूर्तिकर्ताओं के साथ सम्बंधों के स्वरूप को बदलने, पूरी आपूर्ति श्रृंखला में मूल्य वर्धन करने और श्रमिकों को और अधिक लाभ पहुँचाने का एक विशिष्ट अवसर प्रदान करता है।

फेयर ट्रेड प्रमाणित (Fair Trade Certified) वस्त्रों तथा घरेलू सामान उत्पादों के मॉडल में निम्नलिखित विशेषताएं हैं:

- ❖ कारखाने अन्तरराष्ट्रीय मान्यताप्राप्त श्रम सम्बंधी मानकों का समर्थन करने और श्रमिकों को अधिक लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं। ये कारखाने लेखापरीक्षाओं और शिकायत निवारण प्रक्रियाओं के माध्यम से उत्तरदायी होते हैं।

- ❖ खरीदार श्रमिकों को सीधे तौर पर लाभ पहुँचाने वाले फेयर ट्रेड प्रीमियम का भुगतान करने, दीर्घावधि के व्यापारिक सम्बंधों वाली आपूर्ति योजनाओं, और ऐसे मूल्यों का भुगतान करने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं जो कारखानों को लगातार श्रम मानकों का पालन करने और श्रमिकों को स्थायी लाभ प्रदान करने में सहायक हों।

- ❖ उपभोक्ता इन मानकों का पालन करने वाले उत्पादों को सुगमता से पहचान सकते हैं। इस बात के प्रमाण मिलते हैं कि वे फेयर ट्रेड प्रमाणित उत्पादों के लिए ज़्यादा मूल्य चुकाने के लिए तैयार होते हैं - परिणामतः मूल्य श्रृंखला के कार्यकलापों के लिए और अधिक धन उपलब्ध होता है।

- ❖ श्रमिकों का सशक्तीकरण और विकास फेयर ट्रेड प्रमाणन का सबसे महत्त्वपूर्ण मुद्दा है। इस उद्देश्य की प्राप्ति पर ध्यान मुख्यतः संघ बनाने की स्वतंत्रता और श्रमिकों का बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने वाली आय के माध्यम से ध्यान केन्द्रित किया जाता है। फेयर ट्रेड की धारणा के अनुरूप इन मामलों में और अन्य विषयों में उद्योग के मानदंड से ऊपर और आगे निकलना ही फेयर ट्रेड मानक का उद्देश्य है।

- ❖ कपास जैसे कच्चे माल के उत्पादक कृषि श्रमिक मानक (Farm Workers Standard) या स्वतंत्र छोटी जोत धारकों सम्बंधी मानक (Independent Smallholders Standard) सहित हमारे कृषि मानकों के अन्तर्गत प्रमाणन प्राप्त करने के लिए पात्र हो सकते हैं।

- ❖ वस्त्रों के मामले में, कारखाना प्रमाणन का दायरा उत्पादन के कट-मेक-ट्रिम (cut-make-trim)[2] भाग तक ही सीमित है।

वस्त्रों तथा घरेलू सामान के लिए फेयर ट्रेड मानकों (Fair Trade Apparel and Home Goods), जिनमें कारखानों के लिए एक मानक और खरीदारों के लिए एक मानक शामिल है, का उद्देश्य फेयर ट्रेड प्रमाणित उत्पादों का उत्पादन करने वाले कारखाना श्रमिकों की आय में वृद्धि करना और उनका सशक्तीकरण करना है।

---

[2] फेयर ट्रेड पारिभाषिक शब्दों की पूरी सूची के लिए http://fairtradeusa.org/certification/standards/download-center पर दी गई FTUSA पारिभाषिक शब्दावली देखें।

प्रमाणन का विस्तार क्षेत्र और लेबलिंग सम्बंधी विकल्प

1. **विकल्प 1 – फेयर ट्रेड कारखाना प्रमाणन (Fair Trade Factory Certification)**
   कारखानों का निरीक्षण किया जाता है और उन्हें वस्त्रों और घरेलू सामान के लिए Fair Trade USA मानक के अनुरूप पाया जाना चाहिए तथा उत्पादन के समय उसका प्रमाणन अवश्य होना चाहिए। कारखानों के लिए Fair Trade USA मानक ILO (अन्तरराष्ट्रीय श्रम संगठन) के सबसे प्रमुख श्रम मानकों, SA8000 मानक और बहु-साझेदारी वाली अन्य पहलों की उत्तम प्रचलन नियमावलियों पर आधारित है, तथा हितबद्धों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। Fair Trade USA निगरानी के लिए स्वीकृत लेखापरीक्षकों को नियुक्त करता है तथा निगरानी प्रक्रिया तय करता है, और फिर जाँच के निष्कर्षों के आधार पर प्रमाणन सम्बंधी निर्णय करता है।

2. **विकल्प 2 – फेयर ट्रेड प्रमाणित सामग्रियाँ (Fair Trade Certified Materials)**
   खरीदारों को फेयर ट्रेड सामग्रियों, जो इस मानक को प्रकाशित किए जाने के समय तक फेयर ट्रेड प्रमाणित कपास तक सीमित हैं, को खरीदने का विकल्प होता है। कपास Fair Trade USA द्वारा प्रमाणित या पंजीकृत उत्पादकों से ही प्राप्त किया जाना चाहिए, और उसकी खरीद Fair Trade मानकों के अनुसार की जानी चाहिए। Fair Trade द्वारा पंजीकृत कपास उत्पादकों की सूची के लिए Fair Trade USA से सम्पर्क करें।

3. **विकल्प 3 – फेयर ट्रेड प्रमाणित कारखाना तथा सामग्री (Fair Trade Certified Factory and Material)**
   सभी प्रमाणनयोग्य सामग्रियाँ और विनिर्माण प्रक्रियाएं फेयर ट्रेड प्रमाणित होती हैं। इसमें कच्चा माल (उदाहरण के लिए, कपास) और विनिर्माण प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। उत्पाद में ऐसे अलंकरण शामिल हो सकते हैं जो फेयर ट्रेड प्रमाणित न हों।

फेयर ट्रेड प्रीमियम्स (Fair Trade Premiums)

उद्देश्य: फेयर ट्रेड प्रीमियम की रूपरेखा का उद्देश्य है कि श्रमिक अपने जीवन को बेहतर बना सकें। श्रमिक लोकतांत्रिक ढंग से तय करते हैं कि फेयर ट्रेड प्रीमियम की राशि (निधि) का आबंटन किस प्रकार किया जाए - नकद बोनस के रूप में, सामुदायिक आवश्यकताओं के लिए निवेश के रूप में, या दोनों के मिले-जुले स्वरूप के तौर पर। प्रीमियम सामग्री के उत्पादकों पर, कारखाने के श्रमिकों पर, या दोनों पर लागू लागू होते हैं:

A) **यदि आप फेयर ट्रेड प्रमाणित कपास खरीद रहे हैं :**
   फेयर ट्रेड कपास न्यूनतम मूल्य और सामाजिक प्रीमियम का भुगतान किया जाना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होता है कि उत्पाद के निर्माण में प्रयोग किए जाने वाले कपास के उत्पादक किसानों को उचित मूल्य मिले और वे न्यायपूर्ण स्थितियों में काम कर सकें। फेयर ट्रेड कपास के मूल्यों और प्रीमियमों की जानकारी: http://www.fairtradeusa.org/certification/standards पर उपलब्ध है। कपास का पहला खरीदार उत्पादकों को प्रीमियम का भुगतान करता है। उत्पादकों द्वारा बिक्री किए जाने के बाद भी कपास का प्रमाणन नीचे बताई गई 'खरीदोपरान्त प्रमाणन' (retro-certification) प्रक्रिया के माध्यम से किया जा सकता है।

B) **यदि आप फेयर ट्रेड प्रमाणित कारखाने से सामग्री प्राप्त कर रहे हैं:**
   श्रमिकों को फेयर ट्रेड प्रीमियम का भुगतान अवश्य किया जाना चाहिए। यह फेयर ट्रेड प्रीमियम श्रमिकों की नियमित मजदूरी, और कानून की अपेक्षानुसार किसी सामाजिक कार्यक्रम के तहत प्राप्त होने वाली, इस मानक के तहत प्राप्त होने वाली, या कारखाने द्वारा प्रदान की जाने वाली किसी अन्य आय से अतिरिक्त आय के रूप में प्राप्त होता है। फेयर ट्रेड प्रीमियम का भुगतान आयातक/ ब्रांडधारक द्वारा एक अलग फेयर ट्रेड प्रीमियम बैंक खाते में किया जाता है। फेयर ट्रेड प्रीमियम का स्तर इस बात पर निर्भर करता है कि कारखाने में तय किया गया मजदूरी का स्तर क्या है और वह निर्वाह मजदूरी मानदंड के कितना नज़दीक है, और इसकी गणना मार्केट बास्केट प्रक्रिया का प्रयोग करते हुए की जाती है। मजदूरी निर्धारण का कार्य उत्पाद के विनिर्माण के देश में स्वतंत्र अन्य पक्ष संगठनों के द्वारा किया जाता है। जिन कारखानों में

श्रमिकों को अधिक मजदूरी का भुगतान किया जाता है, वहाँ कम प्रीमियम की आवश्यकता होती है। सम्पूर्ण अपेक्षाओं का विवरण व्यापार मानक खंड में दिया गया है।

जैसा कि फैक्टरी मानक में वर्णन किया गया है, कारखानों में श्रमिक लोकतांत्रिक ढंग से तय करते हैं कि फेयर ट्रेड प्रीमियम की राशियों का आबंटन किस प्रकार किया जाए। इन राशियों को नकद बोनस के रूप में उत्पादन करने वाले श्रमिकों के बीच वितरित किया जा सकता है, सामाजिक निवेश के लिए किसी सामूहिक निधि में जमा किया जा सकता है, या इन दोनों विकल्पों के मिले-जुले स्वरूप में प्रयोग किया जा सकता है। जहाँ प्रीमियम को नकद बोनस के रूप में वितरित किया जाना हो, वहाँ फेयर ट्रेड उत्पादन के समय नियुक्त सभी श्रमिकों के बीच बोनस का समान वितरण किया जाएगा, चाहे उनका पद जो भी हो या उन्होंने वास्तविक फेयर ट्रेड उत्पाद के उत्पादन के लिए काम किया हो या न किया हो।

जहाँ प्रीमियम का प्रयोग सामूहिक निवेश के लिए किया जाता है, वहाँ इस सम्बंध में निर्णय नीचे वर्णित फेयर ट्रेड समिति (Fair Trade Committee) द्वारा किया जाता है। सामूहिक निवेश के उदाहरणों में स्वास्थ्य सम्बंधी पहलें, माइक्रो-एंटरप्राइज़ ऋण, डे-केयर, साक्षरता तथा जीवन कौशल, आवास निधियाँ, शैक्षिक पहलें तथा स्कूल शामिल हैं, लेकिन यह सूची इन्हीं विकल्पों तक सीमित नहीं है। जहाँ प्रवासी श्रमिकों की आबादी हो वहाँ उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाले निवेशों पर विचार किया जा सकता है, जैसे कानूनी सहायता, कानूनी अधिकारों की शिक्षा, यात्रा सहायता और/या निवारक स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए क्लिनिक।

फेयर ट्रेड प्रीमियम समिति फेयर ट्रेड प्रीमियम खाते का संचालन करती है। फेयर ट्रेड समिति के अधिसंख्य सदस्य श्रमिक होते हैं और उनका चुनाव प्रबंधन के प्रभाव के बिना स्वतंत्र रूप से किया जाना चाहिए। फेयर ट्रेड समिति पर श्रमिकों के जीवन में सुधार करने के उद्देश्य से फेयर ट्रेड प्रीमियम का प्रबंधन, निवेश और व्यय करने का दायित्व होता है। फेयर ट्रेड समिति की पूरी अपेक्षाओं और दायित्वों का विवरण कारखानों के लिए फेयर ट्रेड मानक में दिया गया है, और समिति की संरचना और कार्यकलापों की लेखापरीक्षा कारखाने की लेखापरीक्षा के भाग के रूप में की जाती है।

1.0 दीर्घावधि तथा दृढ़ सम्बंध

1.1 फेयर ट्रेड उत्पादन के प्रति आयातक/ ब्रांड धारक की प्रतिबद्धता

खरीदारों को फेयर ट्रेड बिक्रियों के लिए लक्ष्य निर्धारित और सूचित करने चाहिए और उत्पाद की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विपणन और क्रय-विक्रय में सहायता करनी चाहिए। यदि उत्पाद की बिक्री सफल होती है तो खरीदारों को उत्पाद की मांग के अनुरूप मौजूदा आपूर्तिकर्ताओं के साथ मिलकर काम जारी रखने और फेयर ट्रेड क्रय आदेशों को दोहराने और/या बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

1.2 खरीद सम्बंधी प्रक्रियाएं

इस बात को ध्यान में रखते हुए कि 1) मानक का अनुपालन न किए जाने की ज़िम्मेदारी अक्सर कारखाना प्रबंधन और खरीदार के व्यवहार पर आती है और 2) यह कि गलत पूर्वानुमान, आखिरी समय में उत्पाद में बदलाव और छोटी समय सीमाओं से कामकाजी स्थितियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, खरीदारों और आपूर्तिकर्ताओं को खरीद सम्बंधी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए साथ मिलकर अधिक से अधिक प्रयास करना चाहिए ताकि आपूर्तिकर्ता मानक की अपेक्षाओं को पूरा कर सके।

2.0 व्यापार सम्बंधी अपेक्षाएं

2.1 फेयर ट्रेड प्रमाणित खरीद के लिए बुनियादी अपेक्षाएं

i. आयातकों तथा ब्रांड धारकों को Fair Trade USA प्रमाणन तथा लाइसेंस समझौते पर हस्ताक्षर करने चाहिए।

ii. फेयर ट्रेड प्रमाणित उत्पाद का किसी भी रूप में स्वामित्व ग्रहण करने वाली, और/या फेयर ट्रेड मूल्य तथा प्रीमियम से सम्बंधित कार्य को करने वाली सभी संस्थाएं फेयर ट्रेड यू.एस.ए. द्वारा प्रमाणित या पंजीकृत होनी चाहिए। FLO-CERT से प्रमाणित ऑपरेटर्स को फेयर ट्रेड यू.एस.ए. से भी पंजीकरण प्राप्त करना चाहिए।

iii. फेयर ट्रेड प्रमाणित उत्पादों के अनुबंध पत्रों और लेन-देन सम्बंधी दस्तावेज़ों पर उत्पादक संगठन की फेयर ट्रेड आई.डी. (यदि लागू हो), कारखाने की फेयर ट्रेड आई.डी. और निर्यातक की फेयर ट्रेड आई.डी. (यदि लागू हो) को दर्शाया जाना चाहिए। फेयर ट्रेड आई.डी. Fair Trade USA पार्टनर पोर्टल पर उपलब्ध फेयर ट्रेड रजिस्टर में उपलब्ध हैं, या इनकी जानकारी फेयर ट्रेड यूस.एस.ए. से अनुरोध करके प्राप्त की जा सकती है।

iv. आयातक और ब्रांड धारक ऐसे कारखानों के साथ नए अनुबंध नहीं कर सकते हैं जिनका प्रमाणन रद्द कर दिया गया हो या जिन्होंने अपने फेयर ट्रेड प्रमाणन को जारी न रखने का फैसला किया हो।

2.2 कारखानों के साथ अनुबंध

फेयर ट्रेड प्रमाणित कारखानों के साथ अनुबंध करते समय आयातकों और ब्रांड धारकों को निम्नलिखित नियमों का पालन करना चाहिए:

i. कारखाने में फेयर ट्रेड समिति को फेयर ट्रेड प्रीमियम का भुगतान करने का दायित्व आयातकों और ब्रांड धारकों पर है। इस लेन-देन का दस्तावेज़ी अभिलेख लेन-देन की तारीख से दो वर्ष की अवधि तक रखा जाना चाहिए और मांग किए जाने पर उसे उपलब्ध कराया जाना चाहिए। कारखाने में निर्धारित मजदूरी के आधार पर प्रीमियम की दर पोत-पर्यन्त निःशुल्क/मालभाड़े (FOB) का न्यूनतम 1% और अधिकतम 10% है। हालाँकि प्रीमियम की गणना बीजक में दर्शाए गए FOB मूल्य पर की जाती है, लेकिन उसका भुगतान बीजकोपरान्त सीधे फेयर ट्रेड प्रीमियम खाते में किया जाता है। यदि निर्धारित मजदूरी निर्वाह मज़दूरी के मानदंड को पूरा करती है तो फेयर ट्रेड प्रीमियम 1% तय किया जाता है। यदि निर्धारित मजदूरी न्यूनतम मजदूरी की तुलना में निर्वाह मजदूरी मानदंड के अधिक नज़दीक होती है, तो फेयर ट्रेड प्रीमियम 5% तय किया जाता है। यदि निर्धारित मजदूरी निर्वाह मजदूरी की तुलना में न्यूनतम मजदूरी के अधिक नज़दीक होती है, तो फेयर ट्रेड प्रीमियम 10% तय किया जाता है।
ii. अनुबंध पत्र में "वस्त्रों तथा घरेलू सामानों के लिए Fair Trade USA मानक लागू" या सम्बंधित देश की भाषा में इस पाठ के अनुवाद का समावेश होना चाहिए और व्यक्त होना चाहिए कि उत्पाद फेयर ट्रेड यू.एस.ए द्वारा प्रमाणित किया जाएगा।
iii. फेयर ट्रेड प्रमाणित सामग्रियों के मामले में उत्पादक संगठनों (और जहाँ लागू हो, निर्यातकों) की पहचान को उनके नाम और फेयर ट्रेड आई.डी. के माध्यम से दर्शाया जाना चाहिए।

2.3 फेयर ट्रेड प्रमाणित उत्पादकों के साथ अनुबंध

खरीदारों को कपास जैसी सामग्रियों के फेयर ट्रेड प्रमाणित उत्पादकों के साथ अनुबंध करते समय (कृषि उत्पादों के लिए) Fair Trade USA व्यापार मानक का पालन अवश्य करना चाहिए। यह व्यापार मानक http://www.fairtradeusa.org/certification/standards पर उपलब्ध है।

2.4 खरीदोपरान्त प्रमाणन

फेयर ट्रेड खरीद के साथ बेचे जाने वाले उत्पाद की फेयर ट्रेड खरीदों को खरीद के समय फेयर ट्रेड घोषित किया जाना चाहिए। कुछ विशेष परिस्थितियों में Fair Trade USA पार्टनर अपने पात्र उत्पाद के खरीदोपरान्त प्रमाणन, अर्थात खरीद किए जाने के बाद उत्पाद को फेयर ट्रेड प्रमाणित घोषित किए जाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। खरीदोपरान्त प्रमाणन के लिए आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार Fair Trade USA के पास सुरक्षित है।